प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में कृषि मंत्री ने की समीक्षा बैठक

पंतनगर। 18 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर (नाहेप भवन) में आज एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड के माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी, के साथ कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला, प्रबंध परिषद के सदस्य तथा विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक एवं अतिथिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में कुलपति द्वारा कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने आईडपी नाहेप के वर्चुवल लैब का अवलोकन किया तथा उन्होंने चलचित्रों के माध्यम से विश्वविद्यालय में चल रही गतिविधियों के बारे में जाना।

मुख्य अतिथि श्री गणेश जोशी ने बताया कि इस विश्वविद्यालय को देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय बनाने में वैज्ञानिकों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों को कृषि के क्षेत्र में और भी शोध कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय दोगुनी की जा सके। उन्होंने जैविक खेती एवं जैविक विधि द्वारा बीज निर्माण तथा पहाड़ी क्षेत्रों में छोटे जोत के किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हेतु वैज्ञानिकों को और अधिक प्रयास करने पर बल दिया।

कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला, ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय आईसीएआर रैंकिग में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की आनलाइन शिक्षा जारी रही, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रहकर शिक्षा प्राप्त की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस बैठक में प्रबंध परिषद के सदस्य तथा विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक एवं अतिथिगणों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

बैठक में उपस्थितजनों को संबोधित करते उत्तराखण्ड के माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी।

Shri Ganesh Joshi
Agriculture Minister, Uttarakha

24 IDP-NAHEP